Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 266 रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना प्रभावी नहीं हो सकता किसी भी शासकीय सेवक का इस्तीफा

बिलासपुर, 19 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का यह फैसला न्याय दृष्टांत बन सकता है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा है कि निर्धारित प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना किसी भी शासकीय सेवक का इस्तीफा प्रभावी नहीं हो सकता. दरअसल, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के उप प्रबंधक शैलेंद्र कुमार खम्परिया ने 26 मार्च, 2016 को व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए ई-मेल के जरिए इस्तीफा दे दिया था. विभाग ने ई-मेल के जरिए भेजे गए त्यागपत्र में निर्दिष्ट तिथि का अभाव और तीन महीने का वेतन जमा करने की शर्त को पूरा नहीं करने का हवाला देकर इसे अस्वीकार कर दिया था. इसके बाद सितंबर 2016 में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया.

लेकिन इसके बाद उप महाप्रबंधक खम्परिया

हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

ने अक्टूबर 2016 में अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग की, जिस पर निगम ने उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया, और इस्तीफा स्वीकार कर लिए जाने की जानकारी दी. उन्होंने निगम अफसरों के इस निर्णय को हाईकोर्ट में चुनौती दी. सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए निगम द्वारा स्वीकार किए गए त्यागपत्र को गैर कानूनी ठहराया.सिंगल बेंच के फैसले को निगम ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी. मामले की सुनवाई के दौरान निगम की ओर से कहा गया, कि एक बार इस्तीफा स्वीकार होने के बाद कर्मचारी को इसे वापस लेने का कोई अधिकार नहीं है, भले ही स्वीकृति की सूचना ना दी गई हो. इस पर उप महाप्रबंधक खम्परिया की ओर से तर्क दिया गया कि निगम ने शुरू में गैर-अनुपालन के कारण उनके इस्तीफे को अस्वीकार कर दिया था, और बाद में की गई इस्तीफे की स्वीकृति अमान्य थी, क्योंकि उन्होंने अपेक्षित शर्तें पूरी नहीं की थी, साथ ही तीन महीने का वेतन भी जमा नहीं किया था. मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि एक बार जब इस्तीफा गैर-अनुपालन के कारण अस्वीकार कर दिया जाता है, तो संबंधित विभाग के आला अफसर पर इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी बनती है कि त्यागपत्र की स्वीकृति के साथ पत्र को आगे बढ़ाने से पहले सभी शर्तें पूरी कर ली गई है या नहीं.

हाथियों के आतंक से सहमे ग्रामीण, रातभर पेड़ और छतों पर रहने को हुए मजबूर

गरियाबंद, 19 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के मैनपुर वन परिक्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांवों के लोग पिछले 15 दिनों से जंगली हाथियों के आतंक का सामना कर रहे हैं. हाथियों के दल द्वारा फसलें बर्बाद करने और मकानों को नुकसान पहुंचाने के कारण ग्रामीण भयभीत हैं और अपनी सुरक्षा के लिए पेड़ के ऊपर और प्रधानमंत्री आवासों की छतों पर मचान बनाकर रात गुजारने को मजबूर हैं. साथ ही पूरी रात रतजगा करने को मजबूर हैं.

वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

मैनपुर क्षेत्र के हाथी प्रभावित ग्राम लुठापारा, खोलापारा छिन्दौला, लेड़ीबहार, सिंहार के ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का दल 15-20 दिनों से मैनपुर कांटादोना जंगल नदी में डेरा डाल दिए हैं और दल में हाथियों की संख्या 40-50 है. हाथियों का दल शाम होते ही अचानक किसी भी गांव में पहुंच रहा है. बड़ी संख्या में हाथियों के चिंघाड़ से ग्रामीणों में भारी दहशत है. गांव के युवा दोपहर के बाद गांव के सीमा में चौकीदारी करते रहते हैं जैसे ही हाथी गांव के तरफ आते दिखाई देता है इसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही सभी ग्रामीण प्रधानमंत्री आवास की छतों पर अपने बाल बच्चों और बुजुर्गों को लेकर चढ़ जाते हैं. साथ ही आवास में असानी से चढ़ सके इसलिए लकड़ी की सीढ़ियों का निर्माण किया गया है।

ब्रेकिंग न्यूज

दुबई जाने के लिए अब भारतीयों को वीजा की जरूरत नहीं!

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दुबई और अबू धाबी जैसे शहरों की यात्रा करना कई लोगों का सपना होता है। हालांकि, यूएई की यात्रा की योजना बनाते समय पहले से वीजा के लिए आवेदन करना पड़ता है, जो एक लंबा और थकाने वाला प्रक्रिया हो सकता है। लेकिन अब, यूएई ने भारतीयों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा शुरू कर दी है, जिससे यात्रा करना बहुत आसान हो गया है। वीजा ऑन अराइवल का मतलब है कि आपको यूएई जाने के लिए पहले से वीजा लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जब आप यूएई पहुंचेंगे, तो आप एयरपोर्ट या बॉर्डर चेक पॉइंट से तुरंत वीजा प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए आपको केवल एक फॉर्म भरना होगा और कुछ जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे, जिसके बाद आपको वीजा मिल जाएगा।

कांवरियों को ट्रक ने कुचला 5 की मौत, 20 से अधिक घायल

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बिहार के बांका जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। फूलीडूमर थाना क्षेत्र के नगरडीह गांव के पास, एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक कांवरियों के झुंड में घुस गया। इस घटना में 5 कांवरियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सभी कांवरिये सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर गौरनाथ महादेव मंदिर की ओर यात्रा कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। कांवर यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए यात्रा पर थे, जब तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, और पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों की सहायता की।

नेकां के मुबारक गुल ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के छह बार के विधायक मुबारक गुल ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। राजभवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुल को पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, अन्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में श्रीनगर की ईदगाह विधानसभा सीट छठी बार जीतने वाले गुल को शुक्रवार को अस्थायी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

चूहा- सुनती हो, चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी पार्टी बनाकर प्रत्याशी उतारने जा रहे हैं।

चुहिया- हां जी, अखाड़े में ही पहलवानी दिखाई देगी।

तेज रफ्तार बोलेरो ने बीएसपी कर्मचारी को रौंदा, मौके पर हुई मौत, एक गंभीर

बालोद, 19 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है. दल्लीराजहरा शहर में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने स्कूटी सवार दो लोगों को टक्कर मार दी. इस हादसे में भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के 56 वर्षीय कर्मचारी जगत राम ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया है.

जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर स्कूटी सवारों को टक्कर मारने के बाद गड्ढे में जा गिरा. हादसे में बोलेरो चालक को भी मामूली चोटें आई हैं. पुलिस ने बोलेरो चालक को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं घायल को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बोलेरो चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. घटना की आगे की जांच जारी है.

बीते 24 घंटे में तीन हवाई उड़ानों में मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। भारतीय एयरलाइंस को बम की धमकी मिलने की घटनाएं लगातार जारी हैं। बीते 24 घंटे में तीन विमानों को बम की धमकी मिली है। इसके साथ ही इस सप्ताह विमानों को बम की धमकी मिलने की घटनाएं 35 से ज्यादा हो गई हैं। हालांकि गनीमत ये है कि ये सभी कॉल्स फर्जी निकली हैं, लेकिन इससे विमानों की सुरक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व दहशत का माहौल है। विमानों को धमकी मिलने का ताजा मामला विस्तारा एयरलाइंस की दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट से जुड़ा है, जिसे धमकी मिलने के बाद जर्मनी के फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ा गया।

विस्तारा की दिल्ली-लंदन फ्लाइट के साथ ही एयर इंडिया की जयपुर-दुबई एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान सेवा को भी बम की धमकी मिली। जांच में ये भी फर्जी निकली। अकासा एयर की बंगलूरू-मुंबई की फ्लाइट में भी ऐसी ही धमकी मिली। यह धमकी विमान के उड़ान भरने से कुछ समय पहले ही मिली , जिसके चलते विमान को उड़ान भरने में देरी हुई। पूरी सुरक्षा जांच के बाद ही विमान को उड़ान के लिए एनओसी दी गई। जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट को भी शनिवार सुबह 6.10 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन झूठी धमकी के चलते यह 7.45 बजे उड़ान भर सकी। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ईडी ने धनशोधन मामले में वाईएसआरसीपी के पूर्व सांसद के खिलाफ छापे मारे

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन की जांच के सिलसिले में शनिवार को आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद और तेलुगु फिल्म निर्माता एम. वी. वी. सत्यनारायण तथा कुछ अन्य के परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के अधिकारी विशाखापत्तनम समेत कम से कम पांच स्थानों पर छापे मार रहे हैं। धनशोधन का यह मामला सरकारी जमीन पर कथित तौर पर कब्जा जमाने से जुड़े एक मामले में सत्यनारायण तथा अन्य के खिलाफ दर्ज राज्य पुलिस की एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। सत्यनारायण ने वाईएसआरसीपी की टिकट पर विशाखापत्तनम सीट से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। उन्होंने कई तेलुगु फिल्मों का निर्माण किया है।

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर ड्रोन हमला, हिजबुल्लाह पर हमले का शक

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह खबर सामने आई है। लेबनान से यह ड्रोन हमला किया गया, जिसके बाद इस हमले का शक हिजबुल्ला पर जताया जा रहा है। इस हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। हिजबुल्ला द्वारा लगातार लेबनान से इस्राइल पर रॉकेट और ड्रोन्स दागे जा रहे हैं।

सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि यह ड्रोन हमला इस्राइल के काएसेरिया इलाके में स्थित पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास पर हुआ। हमले के वक्त बेंजामिन नेतन्याहू घर पर मौजूद नहीं थे। हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। सोशल मीडिया में सऊदी अरब के मीडिया चैनल के हवाले से दावा किया गया है। अब इस्राइली मीडिया के अनुसार, इस्राइली पीएमओ ने भी नेतन्याहू के निजी आवास पर हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि हमले के वक्त न पीएम नेतन्याहू और न ही उनकी पत्नी मौजूद थे, जिससे इस हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

इस्राइली सेना ने बताया कि लेबनान से तीन ड्रोन दागे गए थे, जिनमें से दो ड्रोन को हवाई सुरक्षा प्रणाली ने हवा में ही तबाह कर दिया। वहीं एक ड्रोन रिहायशी इमारत से टकराया। इसी इमारत में बेंजामिन नेतन्याहू का निजी आवास होने का दावा किया जा रहा है। इससे पहले इस्राइली सेना ने बताया कि लेबनान से एक रॉकेट इस्राइली शहर हाइफा पर दागा गया था। इस हमले के चलते हाइफा के चेतावनी सायरन बजने लगे। हालांकि यह रॉकेट खुले इलाके में गिरा, जिससे किसी नुकसान की खबर नहीं है। आईडीएफ घटनाओं की जांच कर रही है।

इस्राइली सेना ने हाल ही में गाजा में हमास प्रमुख याह्या सिनवार को ढेर किया है। हालांकि बेंजामिन नेतन्याहू ने सिनवार की मौत के बाद कहा था कि जंग अभी भी जारी है।

राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी के आरोप में भाजपा विधायक पर मामला दर्ज

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ यहां हाल में एक जनसभा के दौरान कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में विजयपुरा के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस नगर पार्षद परशुराम होसामनी की शिकायत पर शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 15 अक्टूबर को एक कार्यक्रम में यतनाल ने राहुल गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए। इस शिकायत के आधार पर गांधी चौक पुलिस थाने में यतनाल के खिलाफ शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान करने और झूठी एवं भ्रामक जानकारी फैलाने का मामला दर्ज किया गया।

अमित शाह ने शिंदे-फडणवीस-पवार के साथ घंटों तक किया मंथन, सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझा...!

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे का मुद्दा सुलझाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस तथा अजित पवार के साथ शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के शीर्ष नेताओं की भाजपा के रणनीतिकार अमित शाह के साथ देर शाम हुई मुलाकात के दौरान सीट बंटवारे के अलावा चुनाव अभियान को संचालित करने जैसे मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि भाजपा ने महाराष्ट्र के लिए विस्तृत सर्वेक्षण कराया है और इसके आधार पर दिल्ली में चर्चा हुई। यह भी बताया जा रहा है कि तीनों दलों के बीच कुछ ऐसी सीटों की अदला बदली पर भी चर्चा हुई जहां

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

पर सहयोगी दलों के पास ज्यादा मजबूत उम्मीदवार हैं।

हम आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के बाद सत्ता बरकरार रखने की कोशिश कर रही हैं। बताया जा रहा है कि सत्तारुढ़ गठबंधन महायुति में करीब 40 से 43 सीटों पर मामला फंसा हुआ है इसीलिए अमित शाह को दखल देना पड़ा है। बताया जा रहा है कि देर रात तक चली बैठक में कई अहम निर्णय हुए हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा अपने पास 150 सीटें रखना चाहती है और पिछली बार जीती हुई सभी सीटें अपने खाते में चाहती है। शिवसेना और एनसीपी की मांग कुछ ऐसी सीटों की भी है जिस पर अभी भाजपा के विधायक हैं।

राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे लड़ेंगे चुनाव!

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे को माहिम और भांडुप पश्चिम सीटों से मैदान में उतार सकती है। एमएनएस इन दोनों विधानसभा सीटों पर पार्टी द्वारा अमित ठाकरे के लिए सर्वेक्षण किए जाने के बाद उन्हें चुनाव में उतारने पर विचार कर रही है। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना के विधायक सदा सरवनकर वर्तमान में माहिम विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिव सेना (यूबीटी) के रमेश कोरगांवकर भांडुप पश्चिम विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक हैं। अगर मनसे अमित ठाकरे को माहिम सीट से मैदान में उतारती है तो शिवसेना (यूबीटी) इस सीट से अपना उम्मीदवार नहीं उतारने पर विचार कर रही है क्योंकि 2019 के विधानसभा चुनाव में जब उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे पहली बार चुनाव लड़ रहे थे तो मनसे ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। 2024 के लोकसभा चुनाव में एमएनएस के समर्थन के कारण माहिम विधानसभा सीट पर महायुति उम्मीदवार राहुल शेवाले को लगभग 14,000 की बढ़त मिली. यही एक वजह है कि मनसे को लगता है कि माहिम सीट अमित ठाकरे के लिए सुरक्षित हो सकती है।

सपा ने 4 सीटों पर घोषित किए अपने उम्मीदवार

महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि गठबंधन की तीन पार्टियों- उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच 258 सीटों पर सहमति बन गई है। महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा के बीच, समाजवादी पार्टी (एसपी) ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों की घोषणा की। नामित लोगों में एक प्रमुख सपा नेता अबू आजमी भी शामिल हैं। इस बीच, महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि गठबंधन की तीन पार्टियों- उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच 258 सीटों पर सहमति बन गई है। सपा के 4 उम्मीदवार शिवाजी नगर से अबू आजमी, भिवंडी पूर्व से रईस शेख, भिवंडी पश्चिम से रियाज़ आज़मी, मालेगांव से साई-ए-हिंद घोषित किए गए हैं।